भारत सरकार
गृह मंत्रालय
लोक सभा
अतारांकित प्रश्न संख्या 342
दिनांक 05 दिसम्बर, 2023 / 14 अग्रहायण, 1945 (शक) को उत्तर के लिए

आत्महत्या के मामले

†342. श्री विजयकुमार उर्फ विजय वसंतः

क्या गृह मंत्री यह बताने की कृपा करेंगे किः

(क) क्या देश में वर्ष 2022 के दौरान युवाओं में आत्महत्या की संख्या में वृद्धि हुई है;
(ख) यदि हां, तो तत्संबंधी ब्यौरा क्या है और इस अवधि के दौरान सूचित किए गए ऐसे मामलों की राज्य/संघ राज्यक्षेत्र-वार कुल संख्या कितनी है;
(ग) क्या बेरोजगारी का मुद्दा युवाओं द्वारा आत्महत्या करने का मुख्य कारण था और यदि हां, तो तत्संबंधी ब्यौरा क्या है; और
(घ) क्या सरकार राष्ट्रीय अपराध रिकार्ड ब्यूरो के ऐसे आंकड़े जारी करने पर विचार कर रही है और यदि हां, तो तत्संबंधी ब्यौरा क्या है?

उत्तर

गृह मंत्रालय में राज्य मंत्री (श्री नित्यानंद राय)

(क) से (घ): भारत के संविधान की सातवीं अनुसूची के अनुसार 'पुलिस' और 'लोक व्यवस्था' राज्य के विषय हैं। कानून और व्यवस्था बनाए रखने तथा नागरिकों के जान-माल की रक्षा करने की जिम्मेदारी संबंधित राज्य सरकारों की होती है।

राष्ट्रीय अपराध रिकॉर्ड ब्यूरो (एनसीआरबी) अपने प्रकाशन 'भारत में आकस्मिक मौतें एवं आत्महत्याएँ (एडीएसआई)' में आत्महत्या के आंकड़ों को संकलित और प्रकाशित करता है। प्रकाशित रिपोर्ट वर्ष 2022 तक उपलब्ध हैं। एनसीआरबी युवाओं में आत्महत्या के आंकड़े अलग से प्रकाशित नहीं करता है। तथापि, 2020, 2021 और 2022 के दौरान देश में आत्महत्याओं की कुल संख्या के साथ-साथ बेरोजगारी के कारण लोगों द्वारा की गई आत्महत्याओं का राज्य/संघ राज्य क्षेत्र-वार विवरण अनुलग्नक में है।

*****

लोक सभा अतारांकित प्रश्न संख्या 342, दिनांक 05.12.2023

अनुलग्नक

2020, 2021 और 2022 के दौरान बेरोजगारी के कारण लोगों द्वारा की गई आत्महत्याओं की राज्य/संघ राज्य क्षेत्र-वार संख्या और देश में आत्महत्याओं की कुल संख्या

क्र.सं.	राज्य/संघ राज्य क्षेत्र	2020	2021	2022
1	आंध्र प्रदेश	88	65	97
2	अरुणाचल प्रदेश	0	0	12
3	असम	234	411	150
4	बिहार	12	2	3
5	छत्तीसगढ़	23	51	55
6	गोवा	43	23	12
7	गुजरात	229	293	289
8	हरियाणा	27	20	29
9	हिमाचल प्रदेश	20	24	26
10	झारखंड	217	81	188
11	कर्नाटक	720	402	605
12	केरल	122	122	117
13	मध्य प्रदेश	65	80	54
14	महाराष्ट्र	625	796	642
15	मणिपुर	1	1	0
16	मेघालय	8	10	2
17	मिजोरम	2	7	11
18	नागालैंड	2	5	1
19	ओडिशा	6	24	33
20	पंजाब	105	53	79
21	राजस्थान	118	110	99
22	सिक्किम	9	9	6
23	तमिलनाडु	336	422	185
24	तेलंगाना	23	28	9
25	त्रिपुरा	12	2	0
26	उत्तर प्रदेश	227	121	151
27	उत्तराखंड	17	27	17
28	पश्चिम बंगाल	42	25	12
	कुल राज्य	**3333**	**3214**	**2884**
29	अंडमान और निकोबार द्वीपसमूह	0	0	1
30	चंडीगढ़	11	14	0
31	दादरा और नगर हवेली तथा दमण और दीव	4	10	5
32	दिल्ली	148	288	262
33	जम्मू और कश्मीर	46	15	17
34	लद्दाख	0	0	1
35	लक्षद्वीप	0	0	0
36	पुदुचेरी	6	0	0
	कुल संघ राज्य क्षेत्र	**215**	**327**	**286**
	कुल (अखिल भारतीय) (बेरोजगारी के कारण)	**3548**	**3541**	**3170**
	कुल आत्महत्याएं (अखिल भारतीय)	**153052**	**164033**	**170924**

राज्यों/राज्य/संघ राज्य क्षेत्रों द्वारा उपलब्ध कराए गए आंकड़ों के अनुसार।

स्रोत: भारत में आकस्मिक मौतें एवं आत्महत्याएँ